आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.10.2018

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ गहन रुप से विचार विमर्श किया और कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यो का विस्तृत रुप से जानकारी ली। इसके उपरांत श्री शर्मा ने कारखाना का निरीक्षण किया और साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा दिए उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनओं की भी जानकारी ली।

महाप्रबंधक श्री शर्मा ने आरेडिका, रायबरेली द्वारा वर्ष 2018–19 के प्रथम सात माह में हीं रिकार्ड 715 कोचों का उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाने पर खुशी जाहिर किया।

विदित हो कि आरेडिका, रायबरेली द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2017–18 में कुल 711 कोचों का रिकार्ड उत्पादन किया था, जिसकी तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रथम सात महीने में ही कुल 715 कोच का निर्माण कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस वर्ष के प्रथम सात माह में 3–टीयर वातनुकुलित शयनयान 173, हमसफर 120, 2–टीयर वातनुकुलित शयनयान 27, 3–टीयर शयनयान 175, पावर कार 58, 3–टीयर शयनयान (जी) 42, व दीनयालु के 120 कोचों का उत्पादन शामिल है।

महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों के साथ कारखाना निरीक्षण में इस बात पर विशेष जोर दिया कि आरेडिका टीम आपने सामुहिक प्रयास से वर्ष 2018–19 के लिए 1232 कोचों के उत्पादन के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करे और भारतीय रेलवे में एक अलग पहचान बनाने मे कामयाब हो। साथ हीं, भविष्य मे आने वाले समय में मेट्रो कोच व बुलेट ट्रेन बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे।

(दीपक कुमार)
जन–संपर्क अधिकारी